# कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

## —:: कार्यालय आदेश ::—

राजस्थान शिक्षा (राज्य एवं अधिनस्थ) सेवा नियम 2021 के नियम 31 के प्रावधानान्तर्गत गठित विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–I पद पर आदेश क्रमांक– शिविरा–माध्य/संस्था/ओएसी/डीपीसी/पुस्त.–I/2023–24 दिनांक–27.11.2024 के द्वारा वर्ष 2023–24 की रिक्तियों के विरूद्व आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक दिनांकः 20.11.2024 में की गई अनुशंसा के आधार पर अंकित विवरणानुसार चयन किये जाने पर चयनित अभ्यर्थियों को पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–I के पद पर पदोन्नति पर कुल 17 कार्मिकों को वेतन लेवल 12 में पदौन्ति प्रदान कर ऑनलाईन काउंसलिंग में कार्मिकों के स्वयं द्वारा चयनित अनुसार एवं काउंसलिंग में अनुपस्थित कार्मिकों का सिस्टम द्वारा रेण्डमाईजेशन द्वारा पदस्थापन संलग्न सूची में उनके नाम के सम्मुख अंकित अनुसार किया जाता है।

चयनित अभ्यर्थियों में से ऐसे कार्मिक जिनके 01.06.2002 को या उसके पश्चात संतानोत्पति से संतानों की संख्या दो से अधिक होने के कारण प्रथम बार पदोन्नति देय हो रही है, उसका वेतन, कार्मिक (क–2) विभाग की अधिसूचना क्रमांक–एफ–7(1)कार्मिक/क–2/95 पार्ट दिनांकः16.03.2023 में प्रदत्त निर्देशानुसार, नियत किया जायेगा। संबंधित संस्था प्रधान इन्हें पदोन्नति पर कार्यग्रहण करवाने से पूर्व उत्पन्न संतानों के सम्बन्ध में शपथ पत्र आवश्यक रूप से प्राप्त कर लेवें। संस्था प्रधान/नियन्त्रण अधिकारी कार्यमुक्त/कार्यग्रहण कराने से पूर्व पदोन्नत कार्मिक के नाम, वरिष्ठता क्रमांक/वर्ष, वर्तमान धारित पद, जन्म तिथि एवं धारित अर्हता का मिलान करना आवश्यक रहेगा। अन्यथा स्थिति में कार्यमुक्त/कार्यग्रहण नहीं कराते हुए निदेशालय को रजिस्टर्ड डाक से एवं विभागीय ई–मेल so.csection@gmail.com से तुरंत सूचित करेंगे।

चयन संबंधी अनुशंषाएं माननीय उच्च न्यायालय, जयपुर में दायर डी.बी.सी याचिका संख्या 8905/2021 मोहन लाल बनाम सरकार व अन्य एवं 01.06.2002 को या उसके पश्चात संतानोत्पति से संतानों की संख्या दो से अधिक होने की स्थिति में उक्त चयन कार्मिक विभाग की संतान संबंधी अधिसूचना दिनांकः16.03.2023 के विरूद्व दायर डी.बी.सी. याचिका संख्या 13218/2024 व अन्य में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित अन्तिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा।

सभी संबंधित संस्था प्रधानों को निर्देशित किया जाता है कि आपके जिले के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी से समन्वय करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थय अधिकारी (CMHO) से सम्पर्क स्थापित कर दिव्यांग कार्मिकों को मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होने हेतु पाबन्द कर एवं कार्मिकों के दिव्यांगता/दिव्यांगता प्रमाण पत्रों की जांच मेडिकल बोर्ड के माध्यम से करवाये जाने के उपरान्त ही कार्यग्रहण करवाना सुनिश्चित करावें। पूर्ण रूप से नेत्रहीन/दृष्टिहीन अभ्यर्थीयों की मेडिकल बोर्ड से जांच करवाने की आवश्यकता नहीं है।

पदोन्नत कार्मिक यदि अपनी पदोन्नति का परित्याग करना चाहता है, तो लिखित में प्रार्थना पत्र दिनांकः 27.12.2024 तक संस्था प्रधान को प्रस्तुत करेगा और संस्था प्रधान का उत्तर दायित्व होगा कि वो पदोन्नति कार्मिक को दिनांकः 27.12.2024 (परित्याग प्रार्थना पत्र प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में) को आवश्यक रूप में नवीन पदोन्नत स्थान हेतु कार्यमुक्त करेगें। पदोन्नत कार्मिक को दिनांकः 28.12.2024 तक पदोन्नति के पदस्थापन स्थान पर आवश्यक रूप से कार्यभार ग्रहण करना होगा। संस्था प्रधान संबंधित कार्मिक की कार्यमुक्ति/कार्यग्रहण का इन्द्राज शाला दर्पण पर अपडेट करावें।

इनको कार्यमुक्त करने से पूर्व संबधित संस्था प्रधान यह पुष्टि अवश्य कर लेवें कि जिस वरिष्ठता अवधि के आधार पर कार्मिक को पदौन्नत किया जा रहा है, उस अवधि के पश्चात उस कार्मिक की अन्तर्मण्डल स्थानान्तरण के फलस्वरूप पूर्व निर्धारित वरिष्ठता प्रभावित नहीं हुई हो। अन्तर्मण्डल स्थानान्तरण फलस्वरूप पूर्व निर्धारित वरिष्ठता प्रभावित होने की स्थिति में ऐसे कार्मिक को, इस कार्यालय को वस्तुस्थिति बतलाते हुए अग्रिम निर्देश प्राप्त होने पर ही कार्यमुक्त किया जावेगा।

संलग्न – सूची

(सीताराम जाट)
आई.ए.एस
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Signature Not Verified

Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2024.12.21 13:11:36 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 12581082

क्रमांक :— शिविरा/मा/संस्था/सी—4/सी—8/पुस्त.—ा/डीपीसी पदस्थापन/2023—24 दिनांकःयथा हस्ताक्षर

➢ प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही बाबत् :—

01. विशिष्ट सहायक माननीय शिक्षा मंत्री (प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा), राजस्थान सरकार, जयपुर।
02- निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा राजस्थान जयपुर
03. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर।
04. संयुक्त शासन सचिव शिक्षा (ग्रुप—2) विभाग राजस्थान जयपुर।
05. समस्त संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को सूचनार्थ ।
06. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय (माध्यमिक/प्रारंभिक)/प्रधानाचार्य डाईट/संस्था प्रधान को प्रेषित कर लेख है कि पदोन्नत कार्मिक के पदौन्नति आदेश विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड कर कार्यमुक्ति/कार्यग्रहण कराने के लिये अधिकृत होंगे।
07. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्युटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट में अपलोड करने हेतु।
08. संबधित नियंत्रण अधिकारी/कार्यालय/संस्था प्रधान पालना सुनिश्चित करते हुए शाला दर्पण माध्यम से कार्यमुक्त/कार्यग्रहण करावें एवं माननीय न्यायालय में दायर न्यायिक वादकरण के संबंध में संबंधित नियंत्रण/मण्डल अधिकारियों को पाबंद किया जाता है कि वे पदोन्नति पर कार्यग्रहण करवाते समय लोक सेवक से ''संतान संबंधी घोषणा पत्र'' प्राप्त करें एवं ऐसे लोक सेवक जिनकी 01.06.2002 को या उसके पश्चात संतानोत्पति से संतानों की संख्या दो से अधिक है एवं उनकी पदोन्नति पूर्व में इससे प्रभावित नहीं हुई है, के ''संतान संबंधी घोषणा पत्र'' संबंधित मण्डल कार्यालय के माध्यम से समेकित कर इस कार्यालय को भिजवाना सुश्चित करावें।
09. सहायक निदेशक वरिष्ठता/गोपनीय प्रतिवेदन/विभागीय जांच/शाला दर्पण/डीपीसी प्रभाग कार्यालय हाजा को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
10. संबंधित कार्मिक।
10. रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

Signature Not Verified

Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2024.12.21 13:11:36 IST
Reason: Approved

क्रमांक—शिविरा / मा / संस्था / सी—4 / सी—8 / पुस्त.—I / डीपीसी पदस्थापन / 2023—24 दिनांकःयथा हस्ताक्षर

| क्र. सं | वरिष्ठता क्रमांक | वरिष्ठता अवधि | EMPLOYEE ID | नाम अभ्यर्थी | जन्मतिथि | चयन वर्ग | चयन रिक्ति दिनांक | वर्तमान पदस्थापन स्थान | पदौन्नति पर पदस्थापन स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 51 | 1995-1996 | RJKO1995 27002063 | VIJAYA SINGH | 30-05-1969 | UR | 01-04-2023 | MAHATMA GANDHI GOVT. SCHOOL BHIMMANDI (216807) | PM SHRI GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL SUMERPUR (221304)PALI |
| 2 | 54 | 1995-1996 | RJJP19941 8012440 | SHEETAL GUPTA | 16-12-1972 | UR | 01-04-2023 | GOVT. GIRLS SENIOR SECONDARY SCHOOL KAMLA NEHRU JOHARI BAZAR JAIPUR (218906) | GOVT. GIRLS SENIOR SECONDARY SCHOOL SAVITRI AJMER (221872)AJMER |
| 3 | 33 | 1995-1996 | RJBW1996 08012511 | SATYANARAYAN KUMHAR | 04-05-1968 | UR | 01-04-2023 | PREM DEVI BAIDH GOVT. GIRLS SENIOR SECONDARY SCHOOL BAGORE (214563) | SHRI HIRA BHAI PARIKH GOVT. GIRLS SENIOR SECONDARY SCHOOL RAMGANJMANDI (216670)KOTA |
| 4 | 36 | 1995-1996 | RJPA19962 9006201 | NEMI CHAND NAVAL | 14-07-1972 | SC | 01-04-2023 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL SENDRA (214113) | PM SHRI SANGHAVI BHURMAL TEJAJI JAIN DHANAPURA WALA GSSS SHEOGANJ (213976)SIROHI |
| 5 | 38 | 1995-1996 | RJTO1995 36012776 | ASHOK KUMAR | 01-07-1968 | AG UR | 01-04-2023 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL BAGRI (221951) | PM SHRI GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL KOTHI NATMAM TONK (222019)TONK |
| 6 | 41 | 1995-1996 | RJUD1996 37006144 | SHANKER LAL SALVI | 30-09-1972 | AG UR | 01-04-2023 | PM SHRI GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL CHHANI (223415) | RAJASTHAN STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH & TRAINING (RSCERT)UDAIPUR |
| 7 | 57 | 1995-1996 | RJSK19953 3004940 | OMPRAKASH JILOVA | 01-07-1967 | AG UR | 01-04-2023 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL TARPURA (213377) | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL YASHWANT ALWAR (215738)ALWAR |
| 8 | 58 | 1995-1996 | RJDA1993 13006080 | RAM AWTAR BOHRA | 15-02-1971 | UR | 01-04-2023 | GOVT. GIRLS SENIOR SECONDARY SCHOOL BANDIKUI (218034) | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL MULTIPURPOSE SRI GANGANAGAR (211884)GANGANAGAR |
| 9 | 59 | 1995-1996 | RJJP19951 8010962 | MAHENDRA KUMAR SHARMA | 12-12-1974 | UR | 01-04-2023 | SHRIM[illegible] ARBADA DEVI [illegible]CH GGSSS BASSI JAIPUR (21[illegible]) | PM SHRI GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL GANGAPUR CITY (217850)S.MADHOPUR |

Signature Not Verified
Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2024.12.21 18:11:36 IST
Reason: Approved

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | 9 | 1996-1997 | RJNA1996 28015733 | SHRAWAN KUMAR SHARMA | 22-05-1973 | UR | 01-04-2023 | PM SHRI SON DEVI BANGUR GOVT. GIRLS SENIOR SECONDARY SCHOOL DIDWANA (219829) | SETH KISHAN LAL KANKARIYA GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL . (219901)NAGAUR |
| 11 | 10 | 1996-1997 | RJJP19921 8019078 | MOOLCHA ND YADAV | 01-07-1970 | UR | 01-04-2023 | MAHATMA GANDHI GOVT. SCHOOL NARHEDA (213051) | Institute of advanced studies In Education, Bikaner |
| 12 | 13 | 1996-1997 | RJBP19970 7014454 | SULEMAN KHAN | 15-10-1972 | UR | 01-04-2023 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL MAHUA (217174) | GSSS S.B.K. CITY AAYURVED HOSPITL K SAMNE BHARATPUR (217227)BHARATPUR |
| 13 | 18 | 1996-1997 | RJBP19970 7017310 | ANIL KUMAR SHARMA | 01-10-1970 | UR | 01-07-2023 | GOVT. GIRLS SENIOR SECONDARY SCHOOL BAYANA (217403) | PM SHRI GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL BAYANA (217402)BHARATPUR |
| 14 | 19 | 1996-1997 | RJJP19971 8016754 | VIJAY KUMAR VIJAY | 17-02-1974 | UR | 01-07-2023 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL ADARSH NAGAR JAIPUR (218892) | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL KISHAN LAL JOSHI (217107)BHARATPUR |
| 15 | 21 | 1996-1997 | RJJP19971 8015320 | RAM SAHAI YADAV | 30-08-1967 | UR | 01-10-2023 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL ACHROL (218626) | PM SHRI GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL OLD HADENDRA COLLEGE BUNDI (222346)BUNDI |
| 16 | 9 | 1999-2000 | RJJP19941 8010277 | MEGHRAM MEENA | 01-07-1970 | ST | 01-10-2023 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL WATIKA (218208) | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL SADUL SPORTS BIKANER (211246)BIKANER |
| 17 | 16 | 2000-2001 | RJDA1994 13005524 | PRABHU LAL MEENA | 10-07-1967 | ST | 01-03-2024 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL BILONA KALAN (218131) | PM SHRI GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL RAMGANJMANDI (216669)KOTA |

निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Signature Not Verified

Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2024.12.21 13:11:36 IST
Reason: Approved